दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्षः- 05
अंकः- 144
मुरादाबाद
(Monday)
15 September 2025
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## पीएम मोदी की असम को 12 हजार करोड़ की सौगात, कहा- भारत आत्मनिर्भर बनने की ओर बढ़ रहा

### मैं शिव भक्त, सारा जहर निगल लेता हूं, कांग्रेस पर जमकर बरसे PM मोदी; विकास परियोजनाओं का किया शुभारंभ



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को असम के दरांग में कई परियोजनाओं के उद्घाटन के बाद एक जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद उन्होंने नुमालीगढ़ में 7230 करोड़ रुपये की पेट्रो फ्लूइडाइज्ड कैटेलिटिक क्रैकर इकाई की आधारशिला रखी।पीएम मोदी ने कहा कि जनजातियों के साथ हुए अन्याय को भाजपा खत्म कर रही है। हमारा मंत्र नागरिक सेवो भव है। असम में गरीबों को ठुकराया गया। क्योंकि कांग्रेस का काम एक वर्ग से हो जाता था। भाजपा तुष्टीकरण नहीं संतुष्टिकरण पर जोर देती है। असम में 20 लाख पक्के घर गरीबों को मिल चुके हैं। घर-घर जल पहुंचाने का काम तेजी से चल रहा है। चाय बागान में काम करने वाले श्रमिकों को हम मदद दे रहे हैं। स्वास्थ्य और शिक्षा पर हमारा जोर है। कांग्रेस के समय में चाय बागान श्रमिकों को फैक्टरी प्रबंधन के भरोसे छोड़ दिया गया। अब भाजपा ने इसे दूर कर दिया है। हम मिलकर विकसित भारत बनाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा असम को विकास और विरासत से समृद्ध बना रही है। असम की भाजपा सरकार नई शिक्षा नीति लागू कर रही है। कांग्रेस ने पूर्वोत्तर के महान सपूतों को सम्मान नहीं दिया। कांग्रेस ने कभी योद्धाओं को सम्मान नहीं दिया। भाजपा ने इनको सम्मान दिया। कांग्रेस ने जिसकी उपेक्षा की हम उसे अग्रिम पंक्ति में लेकर चल रहे हैं। असम में हमारी सरकार मां कामाख्या कॉरिडोर बना रही है। अब असम में पर्यटन का दायरा बढ़ रहा है। विकास के इन प्रयासों के बीच असम के सामने कई चुनौती है। यह चुनौती घुसपैठ की है। कांग्रेस ने घुसपैठ को बढ़ावा दिया। मोदी सरकार असम के लोगों से मिलकर घुसपैठियों का मुकाबला कर रही है। हम घुसपैठियों से जमीन मुक्त करा रही है। आदिवासियों और लाखों परिवारों को भूमि के पट्टे दिए जा रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि वो दिन भूलने नहीं है कि पिछली सरकार बांस काटने पर जेल में डाल देती थी। बांस आदिवासियों की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा है। हमारी सरकार से बांस काटने से बैन हटा दिया। आज यह फैसला पूर्वोत्तर के लोगों को फायदा पहुंचा रहा है। मेक इन असम और मेक इन इंडिया की नींव मजबूत होने वाली है। अब असम की पहचान में पोलीप्रापाइलीन से बने उत्पाद होंगे। असम आत्मनिर्भर भारत अभियान का केंद्र है। असम को हमने बहुत बड़े अभियान के लिए चुना है। यह अभियान है सेमी कंडक्टर मिशन। गुलामी के दौर में असम की उतनी पहचान नहीं थी। अब असम की मिट्टी और लोगों ने असम को ग्लोबल ब्रांड बना दिया है। भारत को आत्मनिर्भर होने के लिए ऊर्जा और सेमीकंडक्टर चाहिए। असम की इसमें बड़ी भूमिका है। आज हर इलेक्ट्रॉनिक चीज की आत्मा छोटी चिप में होती है। यह चिप भारत में ही बनेगी। सेमी कंडक्टर का बड़ा आधार असम को बनाया है। असम में 27 हजार करोड़ से प्रोजेक्ट बन रहा है। कांग्रेस ने असम में कई दशकों तक सरकार चलाई है। कांग्रेस ने असम को कुछ नहीं दिया। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने समुद्र मंथन की बात कही थी। हमने नेशनल डीप वाटर एक्सप्लोरेशन मिशन शुरू करने की तैयारी की है। ग्रीन ऊर्जा उत्पादन के मामले में भारत तेजी से कदम उठा रहा है। एक दशक पहले भारत सोलर पॉवर के मामले में काफी पीछे था। अब भारत आगे बढ़ा है। भारत को गैस और ईंधन के मामले में कई विकल्पों की जरूरत है। आज यहां बांस से एथेनॉल बनाने की शुरुआत हुई है। इसका असम के लोगों को फायदा होगा। सरकार यहां के किसानों को बांस की खेती करने में मदद करेगी और खरीदी भी करेगी।असम में पीएम मोदी ने कहा कि असम को 12 हजार करोड़ की सौगात दी गई है। ये उद्यम असम के विकास को गति देंगे। मैं सभी को प्रोजेक्ट्स के लिए बधाई देता हूं। भारत दुनिया का सबसे तेजी से विकसित होने वाला देश है। जैसे-जैसे भारत विकसित हो रहा है, वैसे-वैसे बिजली, ईंधन की जरूरतें बढ़ रही हैं। हम इन चीजों के लिए विदेशों पर निर्भर रहे हैं। हमारे पैसों से विदेशों में रोजगार बनते हैं। इसको बदला जाना जरूरी है। भारत आत्मनिर्भर बनने की राह पर बढ़ चला है। प्रधानमंत्री ने असम के नुमालीगढ़ में 7,230 करोड़ रुपये की पेट्रो फ्लूइडाइज्ड कैटेलिटिक क्रैकर इकाई की आधारशिला रखी।गोलाघाट के नुमालीगढ़ में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) में असम बायोएथेनॉल संयंत्र का उद्घाटन किया और नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) में पॉलीप्रोपाइलीन संयंत्र की आधारशिला भी रखी। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा भी पीएम के साथ मौजूद थे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दरांग मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, तहरूस्कूल और क्रूष नर्सिंग कॉलेज, गुवाहाटी रिंग रोड परियोजना और ब्रह्मपुत्र नदी पर कुरुवा-नरेंगी पुल का निरीक्षण किया।पीएम मोदी ने कहा कि %पूरा देश आज विकसित भारत के निर्माण के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है। खासतौर पर हमारे जो नौजवान साथी हैं। उनके लिए विकसित भारत सपना भी है और संकल्प भी है। इस संकल्प की सिद्धि में हमारे नॉर्थ ईस्ट की बहुत बड़ी भूमिका है।%प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को असम के दरांग जिले के मंगलदोई में 6,300 करोड़ रुपये की स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस दौरान अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि देश के विकास में उत्तर पूर्वी राज्यों की अहम भूमिका है। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर भारत रत्न भूपेन हजारिका का अपमान करने का भी आरोप लगायाविकसित भारत में उत्तर पूर्व की अहम भूमिका दरांग में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि %पूरा देश आज विकसित भारत के निर्माण के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है। खासतौर पर हमारे जो नौजवान साथी हैं। उनके लिए विकसित भारत सपना भी है और संकल्प भी है। इस संकल्प की सिद्धि में हमारे नॉर्थ ईस्ट की बहुत बड़ी भूमिका है।% प्रधानमंत्री ने कहा कि %21वीं सदी पूर्व की है, उत्तर पूर्व की है। उत्तर पूर्वी राज्यों के चमकने का समय आ गया है। किसी भी क्षेत्र के विकास में कनेक्टिविटी की अहम भूमिका होती है। हमारी सरकार उत्तर पूर्व में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए समर्पित है। सड़कें, रेलवे और हवाई मार्गों का विकास किया जा रहा है। इससे लोगों की जिंदगी बदल रही है और उज्जवल भविष्य की राह बन रही हैप्रधानमंत्री ने कहा कि %ये कांग्रेस वाले मुझे कितनी ही गालियां दे, मैं भगवान शिव का भक्त हूं, सारा जहर निगल लेता हूं, लेकिन जब किसी और का अपमान होता है, तो मैं इसे बर्दाश्त नहीं कर सकता। आप लोग मुझे बताएं, क्या भूपेन दा को भारत रत्न से सम्मानित करने का मेरा फैसला सही है या गलत?% %पाकिस्तान का झूठ कांग्रेस का एजेंडा बन जाता है% कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए पीएम मोदी ने कहा कि %जब कांग्रेस सत्ता में थी, तब पूरा देश आतंक से लहूलुहान होता था और कांग्रेस चुपचाप खड़ी रहती थी। आज हमारी सेना ऑपरेशन सिंदूर चलाती है, पाकिस्तान के कोने-कोने से आतंक को उखाड़ फेंकती है, लेकिन कांग्रेस के लोग पाकिस्तान की सेना के साथ खड़े हो जाते हैं। कांग्रेस के लोग हमारी सेना की बजाय आतंकियों को पालने वालों के एजेंडों को आगे बढ़ाते हैं। पाकिस्तान का झूठ कांग्रेस का एजेंडा बन जाता है। इसलिए आपको कांग्रेस के प्रति हमेशा सतर्क रहना चाहिए।% अवैध घुसपैठ को लेकर कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी पीएम मोदी ने कहा कि %कांग्रेस के लिए अपने वोट बैंक का हित सबसे बड़ा है। कांग्रेस देशहित की कभी परवाह नहीं करती है। आज कांग्रेस देशविरोधियों और घुसपैठियों की भी रक्षक बन चुकी है। जब कांग्रेस सत्ता में थी, तब वह घुसपैठ को बढ़ावा देती थी और आज कांग्रेस चाहती है कि घुसपैठिए हमेशा के लिए भारत में बस जाए और भारत का भविष्य घुसपैठिए तय करें।% हजारों करोड़ की परियोजनाओं की दी सौगात प्रधानमंत्री मोदी ने दरांग मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के साथ-साथ एक नर्सिंग कॉलेज और एक जीएनएम स्कूल के निर्माण का शुभारंभ किया। अधिकारियों ने बताया कि इन स्वास्थ्य सेवा परियोजनाओं में कुल मिलाकर 570 करोड़ रुपये का निवेश होगा। प्रधानमंत्री ने 1,200 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली 2.9 किलोमीटर लंबे नरेंगी-कुरुवा पुल और असम के कामरूप और दरांग जिलों और मेघालय के री भोई को जोड़ने वाली 118.5 किलोमीटर लंबी गुवाहाटी रिंग रोड परियोजना की भी आधारशिला रखी।ोदी शनिवार शाम असम पहुंचे थे और भारत रत्न से सम्मानित भूपेन हजारिका की जन्म शताब्दी समारोह में शामिल हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### विकसित भारत 2047 के निर्माण में महिलाओं की भूमिका अहम, महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में बोले ओम बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि महिलाएं नेतृत्व और नई सोच के साथ विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभा रही हैं। महिला सशक्तिकरण समिति के सम्मेलन में उन्होंने संविधान सभा की 15 महिला सदस्यों के योगदान को भी याद किया। साथ ही कहा कि भारत ने शुरुआत से ही महिलाओं को वोट, समानता और न्याय का अधिकार दिया।लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को कहा कि देश की महिलाएं अपने नेतृत्व और दृष्टिकोण से विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने यह बात संसद और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में महिला सशक्तिकरण समिति के राष्ट्रीय सम्मेलन में कही। इस दौरान ओम बिरला ने कहा कि महिलाएं आज देश के विकास में नई सोच के साथ योगदान दे रही हैं और लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत कर रही हैं।ओम बिरला ने आगे संविधान निर्माण में भी महिलाओं की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संविधान सभा में करीब 15 महिला सदस्य थीं, जिन्होंने संविधान को आकार देने में अहम योगदान दिया। कई देशों के विपरीत, भारत ने शुरुआत से ही महिलाओं को वोट देने, समानता और न्याय का अधिकार दिया। इसके साथ ही बिरला ने यह भी कहा कि आज महिलाएं वित्त, तकनीक और खेल जैसे क्षेत्रों में देश का नाम रोशन कर रही हैं।

## 20 सीटें नहीं दी तो 100 सीटों पर उतारेंगे प्रत्याशी- मांझी का एलान, एनडीए में भूचाल



तो क्या राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में टूट का संकट सामने आ गया है? चिराग पासवान अलग सीटों पर अड़े हैं और जीतन राम मांझी ने 20 सीटें नहीं मिलने पर 100 विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्याशी उतारने का एलान कर दिया है।केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के मंत्री और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के प्रमुख जीतन राम मांझी ने बिहार की राजनीति में खलबली मचा दी है। लोकसभा चुनाव के कुछ समय पहले महागठबंधन से निकल कर एनडीए में लौटे जीतन राम मांझी ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए सीट बंटवारे को लेकर बड़ा बयान दे दिया है। मांझी ने कहा कि उनकी पार्टी को अगर 20 सीटों पर मौका नहीं दिया गया तो वह 100 प्रत्याशियों को उतारेंगे। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि वह एनडीए के प्रति समर्पित हैं और लोकसभा चुनाव में भी हर बात स्वीकार की थी। इस गठबंधन में प्रतिष्ठा मिली है, लेकिन हमारे लिए मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओं की भी कुछ उम्मीदें हैं। यह उम्मीदें पूरी करने का बिहार विधानसभा चुनाव एक मौका है और हम एनडीए को जिताने के लिए हर तरह से ताकत झोंकने को तैयार भी हैं। लेकिन, इस बार चुनाव में एनडीए के अंदर हमें बिहार की 20 सीटें चाहिए। हमने यह मांग रखी है। बात कर रहे हैं। लेकिन, अगर बात नहीं बनी तो 100 सीटों पर भी प्रत्याशी उतार सकते हैं। केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि अगर मान लिया जाए हमको हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा अधिकृत करता है, तो हम जरूर फैसला लेंगे। फैसला में हमारा एक ही चीज है कि हम चाहते हैं, हमारा हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा हर हालत में मान्यता प्राप्त कर ले। मान्यता प्राप्त करने के लिए हमको 8 सीट विधानसभा में चाहिए या पोलिंग का 6त्न टोटल वोट चाहिए। हमारे साथ दो प्रस्थिति है। आठ सीट जीतने के लिए हमको काम से कम 15 से 20 सीट मिलेगा तभी ना हम इस दायरे में आ सकते हैं। हम सभी सीट तो जीत जाएंगे, ऐसा तो है नहीं। अगर 60त्न स्कोरिंग सीट माना जाए तो भी कहा जाएगा। तब 15 सीट की बात आती है। अगर 15 सीट हमको मिलेगा और 8 सीट जीत जाएंगे तो एक प्रावधान यह है। नहीं तो हम भी 50 या 100 सीट पर लड़ेंगे। बिहार में हर जगह हमारा दस हजार और 15 हजार वोटर है। जीत करके 6त्न हम वोट ले आएंगे और हम मान्यता प्राप्त कर लेंगे। 10 वर्ष हमारी पार्टी का हो गया। निबंधित पार्टी रहने में हम अपमानित समझते हैं। इसलिए इस बार करो या मरो का लोगों का यह मुद्दा है।जीतन राम मांझी ने कहा कि उन लोगों को आभास मिल गया होगा कि जीतन राम मांझी का प्रभाव क्या है। पैसा के बल पर लोग मीटिंग करते हैं। 500 रुपये और 1000 रुपये गाड़ी बिहार से मंगा लेते हैं। तब जिंदाबाद का नारा लगता है। लेकिन, हम तो एक पैसा खर्च नहीं करते हैं। सब अपने लोग आते हैं। हम जहां जाते हैं वहां 10000 की भीड़ 12000 की भीड़ आती है। इस चीज को एनडीए के लोग समझते हैं। हम समझते हैं कि यह समझ करके जो जिताऊ पार्टी है। उसका सीट वह अनुमान करेंगे और हमको लगता है अच्छे मात्रा में सीट मिलेगी। यह हमारा लक्ष्य है।

## वित्त मंत्री बोलीं- शीतकालीन सत्र में पेश हो सकता है बीमा संशोधन विधेयक



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा है कि बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति देने वाला बीमा संशोधन विधेयक संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में पेश किए जाने की संभावना है। जब उनसे पूछा गया कि क्या बीमा क्षेत्र में एफडीआई को और उदार बनाने वाला विधेयक आगामी शीतकालीन सत्र में संसद में पेश किया जा सकता है? इस पर उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है।वित्त मंत्री ने इस साल के बजट भाषण में, नई पीढ़ी के वित्तीय क्षेत्र सुधारों के तहत बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश की सीमा को मौजूदा के 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कहा, यह बढ़ी हुई सीमा उन कंपनियों के लिए उपलब्ध होगी जो अपना पूरा प्रीमियम भारत में निवेश करती हैं। विदेशी निवेश से जुड़ी मौजूदा सुरक्षा और शर्तों की समीक्षा की जाएगी और उन्हें सरल बनाया जाएगा। वित्त मंत्रालय ने बीमा अधिनियम, 1938 के विभिन्न प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव रखा है, जिसमें बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को बढ़ाकर 100 प्रतिशत करना, चुकता पूंजी में कमी और एक समग्र लाइसेंस का प्रावधान शामिल है। एक व्यापक विधायी प्रक्रिया के तहत, जीवन बीमा निगम अधिनियम-1956 और बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण अधिनियम-1999 में बीमा अधिनियम-1938 के साथ-साथ संशोधन किया जाएगा।वर्तमान में, भारत में 25 जीवन बीमा कंपनियां और 34 गैर-जीवन या साधारण बीमा कंपनियां हैं, जिनमें एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड और ईसीजीसी लिमिटेड जैसी विशिष्ट साधारण बीमा कंपनियां शामिल हैं। बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा पिछली बार 2021 में 49 प्रतिशत से बढ़ाकर 74 प्रतिशत की गई थी। 2015 में, सरकार ने बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा 26 प्रतिशत से बढ़ाकर 49 प्रतिशत कर दी थी। अबतक, बीमा क्षेत्र ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के माध्यम से 82,000 करोड़ रुपये आकर्षित किए हैं।

## संपादकीय Editorial

### India cannot become 'Nepal'

These days some self-proclaimed political analysts, self-proclaimed Jat-farmer leaders and frustrated and dissatisfied ministers like Dr. Sanjay Nishad are predicting or making statements on social media that Nepal-like conditions can arise in India too! A rebellion can erupt against the Modi government because unemployment, inflation and economic inequality are rampant in India too. Especially the youth are very worried about employment, hence they are angry and can resort to rebellion! Sanjay Raut, a fake leader of Uddhav's Shiv Sena, had expressed apprehensions of a widespread rebellion in India even when mass uprisings broke out in Sri Lanka and Bangladesh. Actually, India cannot be compared with the anarchy of small, unbalanced and autocratic countries. Such mass uprisings cannot be considered democratic because they involve a lot of violence, murders, arson and destruction of government properties. India's democracy and constitution are also unparalleled and incomparable. The Chief Justice of the country Justice BR Gavai has also made a similar comment that our Constitution is such that the country is stable and will remain so in future too. The Chief Justice is not the 'mouthpiece' of the government. Sanjay Nishad is a minister in the UP government and his party is a part of the NDA. The only meaning of his frustrations and dissatisfaction is that he must not be getting the expected and desired share! The most undemocratic, dictatorial, and even the judiciary-controlled period in India was the 'Emergency' (1975-77). Even then there was no rebellion against the autocratic decisions of the then Prime Minister Indira Gandhi, but political mobilizations were done. The country's big leaders - MPs, journalists, writers, lyricists etc. were put in jails for 19 months. They were also tortured. The 'Sampoorna Kranti' led by Jayaprakash Narayan could have turned into a rebellion, but the culture, values, beliefs of Indians are completely democratic. That period also did not last forever. Ultimately elections had to be held and the country got a new political leadership. In fact, many movements have been carried out in different parts of India. Many big movements of students, reservationists, tribals and farmers have come up, but not once did an autocratic, violent rebellion erupt. The farmers' movement continued for more than a year during the Modi government itself. Many farmers were killed. Ultimately the tents had to be packed up. The demands are still unfulfilled, but the farmers did not revolt against the elected government of the country. Dialogues are still going on. However, the insurgency of Khalistan or the North-Eastern states was not a movement, it was close to terrorism. They also had to come to the table of dialogue with the government. In fact, even in the countries of the world's economic superpowers, situations of unemployment, inflation, social tension, protests have persisted. India is the country with the largest population of more than 146 crores, whose economic growth rate has been more than 6 percent on an average. Of course, the top 1 percent people have about 40 percent of the wealth and the bottom 50 percent have only 13 percent. This economic inequality existed in slave India as well as in independent India today. This is also the case in America, Germany, France and China. Out of our 543 MPs, 504 are crorepatis. The 324 MPs who have won again in 2024, their assets have increased by about 43 percent in 5 years. The average debt of every Indian is Rs 4.8 lakh. This debt has increased by about Rs 90,000 in two years. The inflation rate in the country is 1.55 percent and the unemployment rate is a little more than 5.2 percent. Of course, the conditions have improved, but some spokespersons still think.

# SC's notice on fake politics, regulation of parties is an important step

The business of doing illegal work by forming political parties is flourishing because any person or group of persons is free to form their own organization and get it registered as a political party. There are so many political parties in the country which exist only on paper and are run by a single person. The Supreme Court's notice to the Election Commission and Law Commission on the petition demanding regulation of political parties is a right step. This matter should be heard on priority basis, because the number of such people is increasing who have made politics a business. Such people form political parties and contest elections or make others contest only for the purpose of raising money or establishing their influence. According to the petition demanding regulation of political parties, along with those who convert black money into white, separatist elements have also started forming fake political parties and some of them also get police protection in the name of their political activism. This cannot be called a mere allegation, because recently, many fake political parties were discovered in the Income Tax Department raids. Some time ago, in Uttar Pradesh alone, 20 such registered and unrecognized political parties were found, which took donations from donors and kept a part of it with themselves and returned the remaining amount to the donors. In this process, black money and tax evasion money was used. This cannot be called anything other than a scam done under the guise of politics. The business of forming political parties and doing illegal work is flourishing because any person or group of persons is free to form their own organization and get it registered as a political party. There are so many political parties in the country, which are only on paper and are run by a single person. It is true that in the world's largest democracy, anyone should have the right to form a political party and contest elections, but there should be some concrete rules and regulations for this. The Election Commission cannot cancel the status of thousands of political parties registered with it until they do not contest any election for six years. It is very easy for paper parties to misuse this condition. Paper political parties are formed because they get tax exemptions as well as many privileges. If we want to stop the arbitrary actions done in the name of politics, then the Election Commission will have to be empowered. It is not right that no matter how many anti-national acts a recognized party does, the Election Commission does not have the right to cancel its recognition. It is also strange that in our country, even people imprisoned on serious charges are able to contest elections, but a person imprisoned even in a minor case cannot cast his vote.



# Verification of every voter is necessary

Keep in mind that in the last 15-20 years, electoral violence has ended in the entire country, but Bengal is still an exception. Here, infiltrators have changed the demography of many districts. In many places, elections have gone out of the hands of Indian voters and have been controlled by infiltrators. Considering the way police and other officials have been politicized in the state, special preparations will have to be made for SIR. History is witness that big changes bring storms with them, but as the dust settles, everything becomes clear and permanent. The effect of Special Intensive Revision (SIR) of voter list by the Election Commission in Bihar is also similar. The most important thing for the cleanliness of electoral democracy is the voter list and when SIR was started in Bihar to keep it correct, a controversy arose. Some parties called it a direct threat to democracy, but amid the allegations and counter-allegations, analysis in courts and speeches given on political platforms, the fact came out that a thorough scrutiny of the voter list through SIR is necessary and the Election Commission has the right to decide how this should be done. One big benefit of this controversy was that voters not only in Bihar but in the whole country got to know what they have to do if they want to get their name added to the voter list. They also understood that this work cannot be left to the leaders, because most of the representations received from political parties in Bihar were only for getting the names of others deleted. This controversy also made it clear that SIR should be done in the whole country and preparations should begin to link the voter list and voter identity card with an automatic system.

For this, everyone from the Municipal Corporation to the Ministry of External Affairs and Home Affairs will have to share data related to the Election Commission. The process of SIR takes place in different parts of the country at an interval of 20-25 years. Now the Election Commission has declared that SIR will be done simultaneously in the country. It will be interesting to see the stand of political parties on this. Looking at the kind of arguments given in the Supreme Court during the recent hearing of this case to stop the SIR, it should be assumed that the opposition parties will oppose it. Although it is not in anyone's power to stop this constitutional process, but this campaign of transparency will have to go through many political storms. It was very surprising that many opposition parties including Congress accused the process of SIR in Bihar of deleting the names of many people, especially the poor, but when the Supreme Court asked the political parties to try on their part to add the names of those whose names were deleted wrongly, most of the reports came for deletion of names. The most ridiculous situation was that of the Congress.

The party claimed that it had given 89 lakh reports, but all were for deletion of names. Then why so much uproar if the Election Commission removed the names of 65 lakh dead, transferred and unanswered people? How was this a threat to democracy? The stand of the opposition parties has still not changed. The ruling Trinamool Congress in West Bengal is ready to block the way. The real test of SIR will be in Bengal. Keep in mind that in the last 15-20 years, electoral violence has ended in the entire country, but Bengal is still an exception. Here the infiltrators have changed the demography of many districts. In many places, the election has gone out of the hands of Indian voters and has been controlled by the infiltrators.

Given the way the police and other officials have also been politicized in the state, special preparations will have to be made for SIR. It is possible that the Home Ministry may have to play a role. It would be good if the Supreme Court intervenes. If the process of SIR is followed strictly in Bengal, then its path in the rest of the country will become easier and that debate will also be curbed, which is being tried to be run for narrow political reasons. It is not good that the country remains embroiled in controversies during the elections held in the states every year, that is why there is a need for a simultaneous SIR.

It is also necessary that the process of purification and updating of the voter list be changed. Going door-to-door to check every voter is fine, but automation should also begin and political parties should stop creating hurdles. Every person updates his Aadhaar as per the current address as per the need. It would be good if the voter list is linked to Aadhaar. This will ensure that there will be no voter registers at more than one place. Just linking the voter card to Aadhaar is not enough. Even though granting citizenship comes under the jurisdiction of the Home Ministry, the right to verify citizenship before including the name in the voter list cannot be taken away from the Election Commission. Especially until NRC is done in the entire country and the register of citizens of the country is prepared. The opposition is standing in the way of this as well. The country must have information about its citizens and those who have come illegally. Out of the 65 lakh people whose names have been deleted in Bihar, 22 lakh were dead. Every year, on an average, two lakh people leave the country and settle abroad. At present, the Election Commission remains in touch with the passport offices of the state, but there is no automatic system of data sharing. Obviously, when the correct figures will come, a situation of confusion will arise and whoever is in the opposition at that time will give it a boost. At present, there are about 98 crore voters in the country. The voter list has been flawed for years and the Election Commission is also responsible for this. And to an extent, voters along with political parties. It would be appropriate that the ruling party and the opposition should come together on this issue and have a wide debate. It should be ensured that only the names of Indian citizens are included in the list and there should be an automatic process for updating.

# नर्सिंग इंस्टीट्यूट में फर्जीवाड़ा कर लाखों की ठगी का आरोप

मुरादाबाद- कटघर थाना क्षेत्र में नर्सिंग और पैरामेडिकल कोर्स की आड़ में करोड़ों का फर्जीवाड़ा सामने आया है। हरदोई निवासी एक युवक ने इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर और उनके सहयोगियों पर मार्कशीट फर्जी निकालने और करोड़ों की ठगी करने का आरोप लगाते हुए दो नामजद और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस जांच कर रही है। जनपद हरदोई के पोस्ट बम्हनाखेड़ा के गांव हथियाई निवासी अमरेंद्र शर्मा ने एसएसपी सतपाल अंतिल को दिए गए शिकायत पत्र में बताया कि उन्होंने अटल बिहारी पैरामेडिकल हेल्थ साइंस से कुसुमा देवी नर्सिंग इंस्टीट्यूट की मान्यता ली थी। डायरेक्टर चन्द्रमोहन सक्सेना निवासी कटघर बीच ने मान्यता दिलाने के नाम पर सात लाख रुपये लिए। संस्था में सीएमएसईडी और एनएम कोर्स में 41 बच्चों से 25-25 हजार रुपये प्रति वर्ष वसूले गए, लेकिन उनकी मार्कशीट फर्जी निकली। विरोध करने पर केवल पांच लाख रुपये लौटाए गए, जबकि शेष राशि देने से आरोपी ने इंकार कर दिया। इसके अलावा डी-फार्मा के आठ बच्चों से प्रति छात्र डेढ़ लाख रुपये और बीएमएस कोर्स के एक छात्र से छह लाख रुपये वसूले गए थे। इनकी भी मार्कशीट एमजीआर यूनिवर्सिटी चेन्नई के नाम पर जाली जारी की गई। आरोप लगाया कि जब वह बार-बार पैसे की मांग करने पहुंचे तो आरोपी चन्द्रमोहन सक्सेना, संजय गोस्वामी और उनके सहयोगियों ने गाली-गलौज कर धमकाते हुए भगा दिया। एसएसपी ने एफआईआर के आदेश दिए। इस संबंध में कटघर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर चन्द्रमोहन सक्सेना, संजय गोस्वामी और अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



# दलित युवक को बीच सड़क पर कपड़ा व्यापारी ने पीटा, रुपये के लेन-देन का मामला

मुरादाबाद- नगर में एक दलित युवक को पीटने का वीडियों वायरल हुआ है। दबंग कपड़ा व्यवसाई शोरूम संचालक ने काम करने वाले दलित सेल्समैन को गाली-गलौज के साथ पीटते नजर आ रहा है। दलित सेल्समैन युवक ने मामले में उच्चाधिकारियों को अवगत कराकर कार्रवाई की मांग की है। वीडियो में कपड़ा व्यवसाई शोरूम संचालक यहीं काम करने एक युवक को सप्ताहिक बाजार में बुरी तरह से पीटते नजर आ रहा है। उसी समय किसी ने पिटाई का वीडियो बना लिया। बाद मे जानकारी करने पर मालूम हुआ कि पीटने वाला युवक कपड़ा व्यवसाई के शोरूम पर सेल्समैन है। पीड़ित युवक का आरोप है कि वह नगर के मुख्यबाजार स्थित एक कपड़े के शोरूम पर लगभग 14 साल से सेल्समैंन का काम करता था। मालिकों के ऊपर छह माह के वेतन का बकाया है। मालिक देने में अना कानी कर रहे था। इसलिए मैने चार दिन से शोरूम पर आना बंद कर दिया था। शुक्रवार को वह नगर की रविवार की सप्ताहिक बाजार में खड़ा था। शोरूम के मालिक तीन भाइयों ने जाति सूचक शब्दों का इस्तमाल करते हुए जमकर मारपीट की। शनिवार को किसी ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर दिया। पीड़ित ने मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया है। वही कपड़ा शोरूम के मालिकों का कहना है। उसने एक बड़ी रकम एडवांस में ले रखी थी। अब काम छोड़कर किसी ओर जगह काम करने जाने लगा। जब उससे एडवांस दी गई रकम मांगी तो उसने अभद्रता कर मारपीट का प्रयास किया। बाकी सब आरोप गलत है। कोतवाल प्रदीप मलिक ने बताया कि मारपीट करने का एक वीडियो वायरल होने की जानकारी मिली है। अगर कोई तहरीर मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।



## दढ़ियाल में महिला से छेड़खानी के बाद फायरिंग, दो समुदायों के बीच जमकर बवाल, इलाके में पुलिस तैनात

मुरादाबाद- दढ़ियाल में महिला से छेड़खानी और फायरिंग की घटना के बाद रातभर तनाव बना रहा। पीड़िता ने सात नामजद और अन्य अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने दो को गिरफ्तार कर लिया है। दढ़ियाल में महिला से छेड़खानी और उसके बाद फायरिंग की घटना से सनसनी फैल गई। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के कारण नगर में रातभर तनाव का माहौल बना रहा। हालांकि पुलिस की तत्परता से हालात काबू में आ गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरे पक्ष ने भी तहरीर दी है। नगर निवासी एक महिला का विवाह मुरादाबाद जिले के ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के एक गांव में हुआ है, वह नगर स्थित अपने मायके आई हुई थी। पीड़िता ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया कि शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे वह मेन चौराहा स्थित किराना स्टोर पर सामान लेने गई थी।तभी आरोपी मुजीब ने उसका हाथ पकड़कर पास स्थित एक मैरिज हॉल में खींच लिया और अपने साथियों तौफीक, अनस पुत्र खुर्शीद, अनस पुत्र मंसूर व मुस्तजर को बुला लिया। आरोप है कि सभी ने छेड़खानी का प्रयास किया। शोर मचाने पर महिला का भाई और उसके साथी मौके पर पहुंचे, जिसके बाद विवाद बढ़ गया। इसी बीच रफीक, फारुख आजाद और अन्य लोग भी वहां आ गए और हमला बोल दिया। आरोप है कि इस दौरान लाइसेंसी राइफल और रिवॉल्वर से फायरिंग की गई, जातिसूचक गालियां दी गईं और जान से मारने की धमकी भी दी गई। सूचना पर पुलिस चौकी प्रभारी प्रशांत कुमार और टांडा थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। सीओ कीर्तिनिधि आनंद ने भी रात में ही घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और पुलिस को आवश्यक निर्देश दिए। पीड़िता परिजनों संग थाने पहुंची और सभी आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। देर रात ही पुलिस ने सात नामजद आरोपियों मुजीब, तौफीक, अनस पुत्र खुर्शीद, अनस पुत्र मंसूर, मुस्तजर, रफीक और फारुख आजाद सहित अन्य अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। सीओ टांडा कीर्तिनिधि आनंद ने बताया कि दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, बाकी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। एहतियातन नगर में अतिरिक्त पुलिस फोर्स तैनात की गई है। वहीं पुलिस ने क्षेत्र के लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। नैनीताल हाईवे पर कार चालक पर फायरिंग बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र में नैनीताल हाईवे पर शनिवार की दोपहर एक कार सवार एक व्यक्ति पर दूसरी कार सवार दो युवकों ने फायरिंग की। घटना में कार सवार व्यक्ति बाल बाल बच गया, लेकिन कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गदईया नसीमगंज निवासी जगदीश सिंह के अनुसार वह खेती किसानी के साथ-साथ रुद्रपुर में लोगों को विदेश भेजने का कोर्स कराते हैं। शनिवार की दोपहर करीब तीन बजे वह कार से रुद्रपुर जा रहे थे। नैनीताल हाईवे स्थित धनोरा मोड़ के पास पीछे से आ रहे दूसरी कार सवार दो लोगों ने ओवरटेक करके उनकी कार को रुकवाने का प्रयास किया। जैसे ही उन्होंने कार की रफ्तार कम की, एक युवक ने फायरिंग कर दी। हालांकि वह बाल-बाल बच गए। कार का अगला शीशा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। फायरिंग की पूरी घटना हईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सूचना के बाद भी डायल 112 पुलिस नहीं पहुंची तो वह कोतवाली पहुंचे। कोतवाली प्रभारी बलवान सिंह ने बताया कि फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।





# सरकारी गाड़ियों के नंबर निजी वाहनों को कर दिए जारी, रामपुर के एआरटीओ का निलंबन तय, जानें पूरा मामला

रामपुर के एआरटीओ प्रशासन राजेश श्रीवास्तव पर सरकारी गाड़ियों के लिए आरक्षित बीजी सीरीज के नंबर निजी वाहनों को जारी करने का आरोप लगा है। जांच के बाद परिवहन आयुक्त बीएन सिंह ने शासन से संबंधित कर्मचारियों के निलंबन व मेजर पेनाल्टी लगाने की सिफारिश की है।सरकारी गाड़ियों के लिए आरक्षित नंबर निजी वाहनों के लिए जारी करने के मामले में रामपुर के एआरटीओ प्रशासन राजेश श्रीवास्तव पर निलंबन की तलवार लटक गई है। परिवहन आयुक्त ने बीएन सिंह ने निलंबन की संस्तुति शासन से की है। साथ ही मेजर पेनाल्टी लगाने की सिफारिश भी की है।एआरटीओ के साथ परिवहन विभाग के कुछ कर्मचारी भी निलंबन के दायरे में आ रहे हैं। यह मसला यूपी-22 बीजी सीरीज से जुड़ा है। सरकारी वाहनों के लिए आरक्षित बीजी सीरीज के नौ हजार से ज्यादा रजिस्ट्रेशन नंबर निजी लोगों के वाहनों को जारी कर दिए गए थे। बीजी सीरीज के नंबरों के निजी वाहनों पर इस्तेमाल की जानकारी के बाद बरेली के उप परिवहन आयुक्त ने शुरुआती जांच की।इसमें सामने आया कि रामपुर में अप्रैल में बीएफ सीरीज समाप्त होने के बाद निजी वाहनों के लिए बीएच सीरीज के नंबर आवंटित होने चाहिए थे लेकिन विभाग ने बीजी सीरीज खोल दी। इस सीरीज से 9,469 प्राइवेट वाहनों के पंजीकरण दर्ज हो गए, जो नियम विरुद्ध है। जांच में पाया गया कि सभी फाइलों का अंतिम अनुमोदन रामपुर के एआरटीओ प्रशासन राजेश श्रीवास्तव की यूजर आईडी से हुआ। परिवहन आयुक्त बीएन सिंह तक मामला पहुंचने के बाद उनके स्तर से एआरटीओ राजेश व संबंधित कर्मचारियों के निलंबन और मेजर पेनाल्टी की सिफारिश शासन से की गई है। यूपी 22 बीजी सीरीज निलंबित, बदलेगी कई की नंबर प्लेट- परिवहन आयुक्त बीएन सिंह ने बताया कि गड़बड़ी की बात जांच में सही पाए जाने पर यूपी 22 बीजी सीरीज को निलंबित या फ्रीज किया गया है। इस सीरीज से जुड़े आम लोगों को नए नंबर जारी किए जाएंगे। उनके लिए नई नंबर प्लेट की व्यवस्था होगी। इसका कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं लिया जाएगा। यह सारी प्रक्रिया दो माह में पूरी करनी होगी। मुरादाबाद के आरटीओ प्रशासन राजेश सिंह और बरेली के उप परिवहन इसके नोडल की भूमिका में रहेंगे। फॉरेंसिक जांच भी कराई जाएगी। डीबीए और महिला कर्मी पर भी कार्रवाई- मुरादाबाद के आरटीओ राजेश सिंह ने बताया कि इस मामले में रामपुर के डीबीए रामेश्वर नाथ द्विवेदी को भी तत्काल दायित्वों से मुक्त कर दिया गया है। कनिष्ठ सहायक नेहा चौहान भी कार्रवाई के दायरे में आई हैं। डीलिंग बाबुओं पर भी निलंबन व जुर्माने की कार्रवाई होगी। पुलिस व गृह विभाग को अलर्ट किया- परिवहन आयुक्त बीएन सिंह ने यह भी बताया कि गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस, हाईवे अथॉरिटी को भी मामले की जानकारी दी गई है। दरअसल एजी, बीजी, सीजी आदि आरक्षित सीरीज के नंबरों से प्लेट देखते ही सरकारी वाहनों की पहचान हो जाती है। मौजूदा स्थिति रामपुर की बीजी सीरीज के नंबरों से दौड़ रही गाड़ियों को वाहन चेकिंग के दायरे से बाहर रखने का खतरा भी पैदा हो गया है। बीजी सीरीज के 9469 पंजीकरण निरस्त- रामपुर जिले में सरकारी विभाग को आवंटित यूपी 22 बीजी सीरीज के नंबर निजी वाहनों के स्वामियों को आवंटित करने का मामला सामने आने के बाद परिवहन आयुक्त ने इन नंबरों को निरस्त करने के आदेश जारी किए हैं। 60 दिन के भीतर विभाग इन वाहनों को नए नंबर जारी करेगा। इसके लिए लोगों से चार्ज भी नहीं लिया जाएगा। लोगों को परेशानी से बचाने के लिए एआरटीओ कार्यालय में नए काउंटर खोले जाएंगे। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने बताया कि 9469 पंजीकरण दोबारा किए जाएंगे। इन वाहन स्वामियों के अंतिम चार नंबर पुराने ही होंगे। वाहन स्वामियों से कोई फीस नहीं ली जाएगी। विभाग आरसी और नई हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाकर देगा। वाहन स्वामी को पुरानी नंबर प्लेट वापस करनी होगी। फास्टैग भी मुफ्त में होगा अपडेट- परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने बताया कि एनएचएआई और आईएचएमसीएल को पुरानी और नए नंबर की सूची भेजी जाएगी। इसके बाद फास्टैग बिना शुल्क दिए नए नंबर में बदल दिया जाएगा। वाहन स्वामियों को अलग से फास्टैग लगाने की जरूरत नहीं होगी। नंबर नहीं बदलवाया तो वाहन स्वामी पर होगी कार्रवाई- परिवहन आयुक्त ने बताया कि वाहन स्वामियों को फोन, मैसेज और अखबार में सूचना प्रकाशित कर जानकारी दी जाएगी। कहा कि वाहन स्वामी ने 60 दिन के भीतर रामपुर आकर अपना नंबर नहीं बदलवाया तो कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत वाहन का पंजीयन तक निलंबित किया जा सकता है। बीमा, फिटनेस पर नहीं होगा असर- वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर बदलते ही विभाग इसकी जानकारी बीमा कंपनियों को देगा। इसके साथ ही फिटनेस, बीमा, कर और स्वामित्व पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उप परिवहन आयुक्त से हुई शिकायत तो जागा विभाग-बीजी सीरीज के नंबर बांटने की शिकायत रामपुर से एक व्यक्ति ने सीधे परिवहन विभाग के अधिकारियों से की थी। फोटो भी भेजा था। सूत्रों के अनुसार शिकायतकर्ता परिवहन कार्यालय से जुड़ा हुआ था। शिकायत के बाद भी जब कार्रवाई नहीं हुई तो उस व्यक्ति ने इस बात को मीडिया में प्रकाशित कराया। मीडिया में मामला सामने आने के बाद परिवहन आयुक्त ने 10 सितंबर को जांच के आदेश जारी किए। जांच में मामला सही पाया गया। जांच में सामने आया कि यूपी 22 बीजी सीरीज 27 अप्रैल से शुरू हुई और 12 अगस्त तक इस सीरीज के सभी नंबर बांट दिए गए।






## संक्षिप्त समाचार

### भारत-पाक मैच पर भड़के सपा नेता एसटी हसन, बोले- शहीदों का खून सूखा नहीं और हम खेल रहे क्रिकेट

सपा सांसद एसटी हसन ने भारत-पाकिस्तान मैच का विरोध किया। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले में 26 लोगों की शहादत के बाद पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलना शहीदों का अपमान है।एशिया कप 2025 में भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर सपा सांसद डॉ. एसटी हसन ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की जान गई, कई परिवार तबाह हो गए।उनके आंसू अभी सूखे भी नहीं हैं और हम पाकिस्तान के साथ दोस्ताना मैच खेल रहे हैं। सपा सांसद ने कहा कि आतंकवादी कहां से आते हैं, यह सबको पता है। जो देश हमारे शहीदों का खून बहा रहा है उसके साथ खेलना सही नहीं है।मैच तो दोस्तों के साथ खेले जाते हैं, दुश्मनों के साथ नहीं। उन्होंने सरकार से मांग की कि देश की भावनाओं का सम्मान करते हुए पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच न खेला जाए।



### रंजिश के चलते बजुर्ग पर झोंका फायर, तीन के खिलाफ FIR

मुरादाबाद- नैनीताल हाईवे पर रोककर रंजिशन एक वृद्ध पर एक व्यक्ति ने फायर झोंक दिया। इस हादसे में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि पुलिस ने एक नामजद और तीन अज्ञात सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उत्तराखंड के ग्राम डाबरी फार्म सैधौरा पुलभट्टा निवासी मंजीत सिंह ने शनिवार की शाम कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी और कार्रवाई की मांग की। इस दौरान उसने बताया कि उसके पिता बलविंदर सिंह और माता दोनों किसी काम से स्वार तहसील गए थे। शाम के समय चार पहिया वाहन द्वारा वह दोनों वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच रास्ते में नैनीताल हाईवे स्थित नया गांव बाईपास पर गांव गद्दया नसीम गंज निवासी जगदीश सिंह उर्फ जग्गी ने अपने तीन साथियों के साथ उन्हें रोक लिया और रंजिशन गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने मारपीट शुरू कर दी और उसके पिता पर फायर तक झोंक डाला। फायर झोंकने के बाद सभी हमलावर मौके से फरार हो गए। उधर, फायर की आवाज सुनकर घटना स्थल पर स्थानीय ग्रामीणों सहित राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आनन फानन में घायल को इलाज के लिए पहले नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया। मगर यहां उसकी हालत नाजुक देख उसे बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। इस पर प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि घायल के पुत्र की तहरीर पर जगदीश सिंह उर्फ जग्गी और तीन अज्ञात सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घायल उपचाराधीन है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# भगवान जगन्नाथ के पावन धाम में बरेली वालो की हाजिरी लगी

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु द्धद्व के पावन धाम पर बरेली वालो ने श्रीमद्धगवत कथा एवं भजन संध्या के माध्यम से अपनी अपनी हाजरी लगाई। प्रात: के सत्र में प्रभु श्री जगन्नाथ महाप्रभु जी किनासिम। कृपा से उन्हीं के धाम में दिव्य मंगल कलश शोभा यात्रा नीलाधारी भक्ता निवास की परिक्रमा कर निकली ।गई। श्री वृंदावन शाम ।से पधारे कथा व्यास श्री मधुर कृष्ण के पावन सानिध्य में उनके श्रीमुख से भक्तों को श्री। जगन्नाथ भगवान की ।महिमा वा भक्तमाल कथा श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। कथा के मुख्य यजमान सुशील अरोड़ा,मनोज अरोड़ा,राजा अरोरा,कंचन अरोड़ा,विमी अरोरा,पूनम अरोड़ा को मुख्य यजमान बनने का ।सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर बरेली से रवि छाबड़ा,अनिल अरोरा,संजय आनन्द,गोविंद तनेजा,नवीन अरोड़ा,नरेंद्र मित्तल,डॉ बलराम अरोड़ा,डॉ गुजराल आदि वा अन्य को भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर भी सभी भक्तजनों को श्री वृंदावन धाम से पधारे श्री पूज्य श्री अतुल कृष्ण शास्त्री जी महाराज, भजन सम्राट श्री पारस लाडला,माधुरी शर्मा,एवं दिल्ली से पधारे पूज्य महावीर शर्मा का भी सत्संग एवं भजन संध्या का लाभ प्राप्त हुआ। रवि छाबड़ा ने यह भी बताया कि भगवान श्री जगन्नाथ जी के पावन धाम में 14सितंबर से 20 सितंबर प्रत्येक दिन प्रात: के सत्र में श्री भक्तमाल कथा एवं शाम के सत्र में भजन संध्या का लाभ सभी को मिलेगी



# बरेली के जिलाधिकारी बने उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष नागरिक अभिनन्दन कर किया सम्मान

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. आनंदेश्वर पांडे अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान बरेली पहुंचे और जिलाधिकारी अविनाश सिंह से मुलाकात कर उन्हें अंबेडकर नगर में खेलों के भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। डॉ. पांडे ने कहा कि खेलों के प्रति जिलाधिकारी का समर्पण और दूरदर्शिता सराहनीय है। उनके योगदान को देखते हुए उन्हें उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके साथ ही हनुमान प्रताप सिंह को संयुक्त सचिव तथा धर्मेंद्र गुप्ता को सह उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी आवास पर आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में जिला ओलंपिक संघ की बरेली इकाई का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से डॉ. आशीष गुप्ता को पुन: जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया जबकि वरिष्ठ खिलाड़ी फसील बेग को महासचिव, भावेश अग्रवाल को संयुक्त महासचिव तथा डॉ. स्वतंत्र कुमार को पुन: कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं सी.एस. अंकित अग्रवाल को सह कोषाध्यक्ष के पद पर चुना गया। उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने नए कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई दी और खेलों को प्रोत्साहित करने का संकल्प दोहराया। बैठक के समापन पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ और जिला ओलंपिक संघ की ओर से जिलाधिकारी अविनाश सिंह का नागरिक अभिनंदन किया गया। उन्हें शॉल ओढ़ाकर पगड़ी पहनाकर तथा अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान डॉ. आनंदेश्वर पांडे, हनुमान प्रताप सिंह, डॉ. आशीष गुप्ता, फसील बेग, डॉ. स्वतंत्र कुमार, अंकित अग्रवाल, आदित्य मूर्ति, मुकेश गुप्ता, दिनेश गोयल, वी.एन. मिश्रा, मनीष शर्मा, भावेश अग्रवाल, अंकुर किशोर सक्सेना, राजेश गुप्ता, विनीत जौहरी, सौरभ अग्रवाल, शिव कुमार अग्रवाल, रतन गुप्ता तथा आर्किटेक्ट वसीम अख्तर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि बरेली में खेलों का महाकुंभ आयोजित कराया जाएगा। खेल समाज को जोड़ने का सबसे बड़ा माध्यम है और हर वर्ग व समुदाय के लोगों को आपस में जोड़ने की क्षमता रखता है। उन्होंने घोषणा की कि 25 दिसंबर को सर्वाधिक प्राइज मनी वाली 'अटल मैराथन' का आयोजन किया जाएगा, जिससे खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा। डॉ. आनंदेश्वर पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि खेलों को आगे बढ़ाने के लिए आपसी तालमेल और नेतृत्व आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि बरेली को जिलाधिकारी अविनाश सिंह जैसा नेतृत्व मिलता रहा तो यहाँ खेलों के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ हासिल की जाएँगी और एक नया कीर्तिमान स्थापित होगा। यह आयोजन बरेली में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को खेलों से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल साबित होगा।





# रचनात्मक लेखन मंच न्यास ने बड़ी ही धूमधाम से मनाया हिंदी दिवस

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। रचनात्मक लेखन मंच न्यास वाराणसी की उप शाखा बरेली ने नवनीता कुंवर पब्लिक स्कूल,में सुंसवाही वाराणसी में हिंदी दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय डॉ पृथ्वीश नाग (पूर्व कुलपति महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी) और वरिष्ठ साहित्यकार प्रोफेसर सुरेंद्र प्रताप (पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष म.गां काशी विद्यापीठ ,वाराणसी ) ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में मातृभाषा को प्रत्येक भारतवासी के मान सम्मान का विषय बताया और कहा कि भाषा का गौरव मात्र बोलने से नहीं अपितु उसमें लिखे हुए साहित्य, उसके तकनीकी विकास राष्ट्र के सर्वांगीण विकास से जुड़ा होता है। हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व करना चाहिए। दलान में टंगी लालटेन और मोर्चेबंदी जैसे श्रेष्ठ साहित्य का सृजन कर चुके वरिष्ठ साहित्यकार प्रोफेसर सुरेंद्र प्रताप जी ने हिंदी आंदोलन का उल्लेख करते हुए भाषा की महत्ता और विश्व व्यापक स्तर पर हिंदी की प्रासंगिकता का उल्लेख किया। हिंदी में रोजगार से लेकर तकनीकी तक उसकी उपयोगिता पर विशेष दृष्टि डाली । भाषा अनादि काल से मनोभाव को व्यक्त करने का सटीक माध्यम रही है मानव जाति दिन प्रतिदिन अपनी भाषा का विकास करती है जो राष्ट्र की आंतरिक शक्ति है ।सरकार को भी इस ओर ध्यान आकर्षित करने का संदेश दिया कि अन्य भारतीय भाषाओं के विकास के साथ ही राष्ट्र की संपूर्ण उन्नति संभव है। महाविद्यालय के प्रबंधक राजेश राय, प्राचार्य डॉ दिवाकर राय एवं संस्था के संस्थापक श्री हृदय नारायण सिंह ने भी अपने विचार प्रस्तुत करते हुए भाषा की समस्या से ज्यादा भाषा पर ज्ञान को बढ़ाने का संदेश दिया। युवा कवित्री मानवी सिंह ने अपना काव्य पाठ प्रस्तुत कर मिट्टी से जुड़ी हुई यादें सांझा की। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने काव्य, नृत्य ,नाटक,प्रश्नोत्तरी विविध साहित्यक व सांस्कृतिक गतिविधियां प्रस्तुत की। संस्था द्वारा चौबीस प्रतिभागियों व हिंदी विषय के सम्मानित शिक्षकों का भी सम्मान किया गया जिसमें डॉक्टर बी एल कुशवाह, अंजू सिंह, सरिता राय, वीणा सिंह, कविता वर्मा एवं काव्य पाठ के लिए मानवी सिंह को भी पुरस्कृत किया गया।धन्यवाद ज्ञापन अंजू सिंह द्वारा दिया गया । कार्यक्रम में प्रमुख सहयोग डॉक्टर चक्रपाणि मुद्गल, डॉ प्रवीण राय, डॉक्टर अतुल कुमार सिंह, श्री विजय सिंह,डॉ प्रियंवदा तिवारी, डॉक्टर अनामिका सिंह, डॉ बिंदू सिंह व मीडिया प्रभारी मानवी सिंह एवं प्रभात का रहा।




# राष्ट्रार्पण सनातन संकल्प महोत्सव 2025 बरेली से उठेगा समाज को जोड़ने का सशक्त संदेश

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। आगामी 26 अक्टूबर को बरेली में होने जा रहे ऐतिहासिक आयोजन राष्ट्रार्पण-सनातन संकल्प महोत्सव 2025 को लेकर स्वाभिमान युग द्वारा संचालित राष्ट्रार्पण-स्वर्णिम, सशक्त व सनातन राष्ट्र को गति अभियान के अंतर्गत व्यापक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अभियान के राष्ट्रीय संरक्षक अनिल कुमार सक्सेना ने की। बैठक का मुख्य विषय संगठन विस्तार तथा आगामी भव्य आयोजन की व्यवस्थाओं पर केंद्रित रहा। इसमें यह निर्णय लिया गया कि आगामी ऐतिहासिक आयोजन राष्ट्रार्पण- सनातन संकल्प महोत्सव 2025 का आयोजन 26 अक्टूबर को किया जाएगा। इस महोत्सव में जिला एवं महानगर के कुल 27 मंडलों की प्रमुख भूमिका रहेगी। आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए राष्ट्रीय संरक्षक अनिल कुमार सक्सेना ने कहा कि यह आयोजन केवल बरेली ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश राज्य को एक ऐसा सशक्त संदेश देगा जिसे आने वाली सदियों तक स्मरण रखा जाएगा। राष्ट्रीय संयोजक राज किशोर ने विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह महोत्सव समाज को एक सूत्र में बाँधने तथा अपने पूर्वजों और महापुरुषों के स्मरण का अमर संदेश देने वाला होगा। बैठक में आयोजन से संबंधित सभी विषयों पर गंभीर चर्चा हुई। साथ ही संगठन विस्तार की दृष्टि से निम्न नियुक्तियां की गईं। जिला महामंत्री (संगठन) हेमेंद्र रानू जिला अध्यक्ष, आरोग्य, योग एवं आयुर्वेद प्रकोष्ठ रूपक कुमार, जिला उपाध्यक्ष बरेली एवं प्रभारी आँवला, फरीदपुर व बिथरी वीरेश कुमार को नियुक्त किया गया है। मीडिया प्रभारी एडवोकेट हर्ष कुमार अग्रवाल ने बताया कि बैठक का समापन इस आह्वान के साथ हुआ कि राष्ट्रार्पण-सनातन संकल्प महोत्सव 2025% को ऐतिहासिक बनाने हेतु प्रत्येक मंडल, मोर्चा और प्रकोष्ठ सक्रिय भूमिका निभाएगा। यह आयोजन केवल बरेली नहीं, बल्कि सम्पूर्ण प्रदेश में संगठन, संस्कृ ति और समाज को एक सूत्र में बाँधने का अमर संदेश देगा। बैठक में जिला एवं महानगर के सभी मंडल अध्यक्ष, मोर्चों तथा प्रकोष्ठों के अध्यक्षों के अतिरिक्त प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रांत संगठन महामंत्री सतीश गुप्ता, जिला अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, जिला महामंत्री मनोज कुमार शर्मा, समीर गुप्ता (जिलाध्यक्ष, राष्ट्र निर्माण मोर्चा), महामंत्री राजेंद्र जोशी, शिवम गुप्ता, उपाध्यक्ष अनूप कुमार, महामंत्री अर्चना सक्सेना, महानगर अध्यक्ष सुदेश गुप्ता, महानगर महामंत्री (संगठन) संजय मोहन शर्मा, महानगर महामंत्री रोहित राकेश, विजय श्रीवास्तव, महानगर अध्यक्ष (नारी गरिमा मोर्चा) राशि पाराशरी, जिला महामंत्री कमलकांत तिवारी के अलावा मंडल अध्यक्ष बांकेबिहारी मंडल मोहित गंगवार, श्यामाप्रसाद मुखर्जी मंडल दीपक कुमार शर्मा, तपेश्वरनाथ मंडल महेश पांडेय, बनखंडीनाथ मंडल सतीश मौर्य, पशुपतिनाथ मंडल विक्की प्रजापति, मढीनाथ मंडल रोहित ठाकुर, श्रीरामजानकी मंडल प्रशांत सक्सेना आदि मौजूद रहे।



# महाराजा अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल सभा करेगी हवन, नि:शुल्क मेडिकल शिविर आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन जी की 5150 वीं पावन जयंती श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी रजि. के तत्त्वावधान में हर्षोल्लास से मनायी जायेगी। अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन जी की जयंती के उपलक्ष्य में सोसायटी की ओर से 22 सितम्बर से विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का श्रृंखलाबद्ध आयोजन किया जा रहा है। संरक्षक एड. अजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि 22 सितम्बर को महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में हवन व रंगोली कार्यक्रम का आयोजन आलमगिरीगंज स्थित शाति कुटीर धर्मशाला में सुबह 10.30 बजे से होगा। संयोजक पंकज अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल सर्राफ रहेंगे। मीडिया प्रभारी एड. हर्ष कुमार अग्रवाल ने बताया कि 25 सितम्बर को राजश्री गुप्र के सहयोग से लल्ला मार्केट के सामने स्थित श्री कृष्ण लीला स्थल पर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक नि:शुल्क विराट मेडिकल परीक्षण शिविर आयोजित किया जायेगा, जिसमें जनता अपना मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण करवा सकेगी। पंजीकरण सुबह 9 बजे से शिविर स्थल पर ही होंगे। चयनित इच्छुक मरीजों के आंख के ऑपरेशन निशुल्क राजश्री मेडिकल कॉलेज में किये जायेंगे। शिविर संयोजक विनोद कुमार अग्रवाल, पराग अग्रवाल व विजय कृष्ण गोयल को बनाया गया है। बैठक में महामंत्री एड. दिनेश कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दिनेश अग्रवाल (जल निगम), पंकज अग्रवाल, विजय कृष्ण गोयल, विनोद अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, पराग अग्रवाल, कमल गोयल, हरीश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### बरेली के युवा समाजसेवी अशरफ अली को जयपुर में मिला भारत गौरव अवॉर्ड 2025

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली, जिले के ग्राम अब्दुल्लापुर माफी निवासी युवा समाजसेवी अशरफ अली को समाज के उत्थान में किए गए कार्यों जैसे रक्तदान, महिला सशक्तिरण, वृक्षारोपण,स्वच्छता अभियान, साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता और सड़क सुरक्षा आदि के लिए ग्लोबल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी जयपुर राजस्थान में संस्कार से स्वाभिमान तक भारत गौरव अवार्ड 2025 प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, बिहार, अरुणाचल प्रदेश, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश आदि राज्यों से आए समाजसेवियों को मुख्य अतिथि डॉ. सौम्या गुर्जर, नगर निगम जयपुर ग्रेटर राजस्थान विधानसभा से भाजपा विधायक राम साहय वर्मा और पूर्व निदेशक दूरदर्शन और आकाशवाणी ओ.पी. राजपुरोहित द्वारा भारत गौरव अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया।




### पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए एक ट्राला गेहूं पंजाब के लिए रवाना हुआ

क्यूँ न लिखूँ सच /अमरीक सिंह/ जिला बहराइच ग्राम गौरा धनौली मटेरा समूह साथ संगत के द्वारा पंजाब बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लिए समूह संगत पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए एक ट्राला गेहूं पंजाब के लिए रवाना हुआ जिला पटियाला के भारतीय किसान यूनियन क्रांतिकारी गुरनाम सिंह ब्लॉक प्रधान रणजीत सिंह जिला प्रधान पटियाला कश्मीर सिंह राजपुर जिला पटियाला भारतीय किसान यूनियन क्रांतिकारी गुरनाम सिंह जी ने हमारी जो मटेरा गौरा धनौली से समूह संगत पंजाब के लिए आई हुई थी उनका सम्मान किया और उन्होंने हम लोग को बहुत किस्मत वाले हैं जो पंजाब की धरती पर सेवा करने का अवसर मिला है हमारे बीच में अकाल खालसा फौजी के अध्यक्ष सरदार सल्लू सिंह से मटेरा के किसान का हाल-चाल जाना सेवादार अकाल खालसा फौज सरदार सल्लू सिंह अध्यक्ष जालंधर जालम सिंह सुखविंदर सिंह जरनैल सिंह कमलजीत सिंह सूरज सिंह बल्ले सिंह चैन सिंह अजय सिंह हरप्रीत सिंह गोलू सिंह मनदीप सिंह राजा सिंह अजय सिंह गुरमुख सिंह गुरमीत सिंह अमरीक सिंह आदि मौजूद रहे



### बीटीपी विद्यालय में एचआईवी-एड्स एवं हेपेटाइटिस-बी पर जागरूकता कार्यक्रम

क्यूँ न लिखूँ सच / शिवपुरी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शिवपुरी के निर्देशन में बीटीपी विद्यालय शिवपुरी में एचआईवी-एड्स एवं हेपेटाइटिस-बी पर सघन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. बी.एल. यादव एवं नोडल अधिकारी प्रदीप शर्मा ने विद्यार्थियों को एचआईवी-एड्स के फैलने के कारण, बचाव के उपाय और हेपेटाइटिस-बी संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की। डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को एचआईवी अध्यादेश 2017 की प्रमुख जानकारियां सरल भाषा में समझाईं। इस दौरान आईसीटीसी काउंसलर सादिक खान ने राष्ट्रीय हेल्पलाइन 1097 की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। ब्रजेश कुशवाहा (एलटी) ने एचआईवी टेस्ट की प्रक्रिया एवं महत्व बताया, जबकि टीआई प्रोग्राम मैनेजर जगन्नाथ कुशवाहा ने भी अपने विचार साझा किए। अभियान के अंत में विद्यार्थियों को प्रचार-प्रसार सामग्री वितरित की गई। विद्यालय प्राचार्य एवं वरिष्ठ शिक्षकगण ने कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।



# पत्रकार संजय सिंह राजपूत के आकस्मिक निधन पर देवेंद्रनगर तहसील स्तरीय पत्रकार एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने दी श्रद्धांजली

क्यूँ न लिखूँ सच / रमाशंकर तोमर / पन्ना जिले के वरिष्ठ पत्रकार एवं सतना से प्रकाशित मध्यप्रदेश जनसंदेश समाचार पत्र के जिला ब्यूरो चीफ संजय सिंह राजपूत का शुक्रवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया था। गत माह स्वास्थ्य खराब होने पर भोपाल के चिरायु अस्पताल में पत्रकार स्व. राजपूत का उपचार हुआ एवं स्वस्थ्य होने के उपरांत गत सप्ताह पन्ना वापस लौटे, किंतु 10 सितम्बर की रात्रि से पुन: स्वास्थ्य खराब होने पर उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों द्वारा 11 सितम्बर की रात्रि में सतना रेफर करने के बाद पत्रकार का सतना पहुंचने के पूर्व रास्ते में ही असामयिक निधन हो गया। शुक्रवार को अजयगढ़ विकासखंड अंतर्गत गृह ग्राम रमजूपुर में दिवंगत पत्रकार का अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित गणमान्य नागरिक और पत्रकारगण भी शामिल हुए। पत्रकार के निधन पर कलेक्टर सुरेश कुमार ने भी शोक जताया। वहीं देवेंद्र नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मीटिंग हॉल में समस्त पत्रकारों ने मौनधारण कर स्व. संजय सिंह राजपूत को विनम्र श्रद्धांजली दी। जिसमें डॉ अभिषेक जैन बी एम ओ , रामाश्रय सोनकर थाना प्रभारी, ललित गुप्ता,रामेश्वर गुप्ता ,विनोद तिवारी, विनोद गुप्ता,प्रशांत जैन, सुरेन्द्र सिंह, रविकांत चौबे, शैलेष अग्रवाल,रामरूप शुक्ला, गौरीशंकर कुशवाहा, रमाशंकर तोमर, सुधीर अग्रवाल, प्रियव्रत गौतम,अजित जैन,,अमीर वारसी, साथी उपस्थित रहे।




# कांधला पालिका अध्यक्ष हाजी नजमूल इस्लाम का परिवार जनता की उम्मीदों का केंद्र, सुपुत्र रियाजुल इस्लाम हमजा का डोर-टू-डोर संवाद बना जनसमर्थन की लहर

क्यूँ न लिखूँ सच / राकेश गुप्ता/ कांधला शामली की धरती पर सेवा, भाईचारे और नेतृत्व का इतिहास लंबे समय से लिखा जा रहा है। इस इतिहास को नई ऊँचाइयों पर ले जा रहे हैं नगर पालिका अध्यक्ष हाजी नजमूल इस्लाम और उनका परिवार। जनता की सेवा के लिए उनका समर्पण और त्याग आज कस्बे के हर गली-मोहल्ले में चर्चा का विषय है।सेवा की विरासत– मरहूम मियां फेजुल इस्लाम पालिका अध्यक्ष हाजी नजमूल इस्लाम के पिता, मरहूम मियां फेजुल इस्लाम, ने जीवनभर नगर की सेवा की और हर वर्ग के लोगों का दर्द अपना दर्द समझा। उनकी ईमानदारी, मददगार स्वभाव और सेवा भाव ने उन्हें कस्बे का एक सम्मानित चेहरा बनाया। आज वही सेवा की मशाल उनके बेटे हाजी नजमूल इस्लाम और उनके परिवार के हाथों में सुरक्षित है।जनता की सेवा में निरंतर सक्रिय पालिका अध्यक्ष हाजी नजमूल इस्लाम का नाम आज जनता के दिलों में भरोसे के प्रतीक के रूप में लिया जाता है। वह दिन-रात जनता की समस्याओं को सुलझाने और नगर को बेहतर बनाने के लिए कार्यरत हैं। उनकी सोच साफ़ है – राजनीति का असली मक़सद जनता की सेवा है रियाजुल इस्लाम हमजा की दमदार एंट्री पालिका अध्यक्ष के सुपुत्र रियाजुल इस्लाम हमजा ने हाल ही में नगर की जनता से सीधा जुड़ाव बनाकर यह साबित कर दिया कि सेवा और राजनीति का यह सिलसिला आगे भी मजबूती से जारी रहेगा। हमजा ने डोर-टू-डोर जाकर लोगों की तकलीफ़ें सुनीं, समस्याओं को अपने कंधों पर उठाने का संकल्प लिया और जनता को भरोसा दिलाया कि उनकी आवाज़ अब अनसुनी नहीं होगी।उनकी यह पहल जनता के बीच गहरी पैठ बना चुकी है। हर वर्ग के लोग उन्हें एक युवा, जुझारू और ईमानदार नेतृत्व के रूप में देख रहे हैं। विरोधियों को मिला करारा जवाब जहाँ कुछ विरोधी केवल राजनीति के लिए आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति कर रहे हैं, वहीं रियाजुल इस्लाम हमजा ने जनता के बीच जाकर साफ़ संदेश दिया कि हमारा मक़सद राजनीति नहीं, बल्कि सेवा है। उनका यह कदम विरोधियों के लिए करारा जवाब और समर्थकों के लिए गर्व का कारण बन गया है।जनता का अपार विश्वास कस्बे के बुजुर्ग हों या युवा, महिलाएँ हों या व्यापारीहर कोई मान रहा है कि पालिका अध्यक्ष हाजी नजमूल इस्लाम और उनके सुपुत्र हमजा ही वे चेहरे हैं जिन पर जनता निश्चिंत होकर भरोसा कर सकती है। जनता का कहना है कि जिस तरह हमजा ने जनता की नब्ज़ टटोली है, उससे साफ़ है कि कांधला का भविष्य सुरक्षित हाथों में है।



## संक्षिप्त समाचार

### ग्राम पंचायत रानी सीर में विकास कार्य कि जांच में धांधली वा फर्जी एम बी करने का खुलासा

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल/ श्रावस्ती विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत रानी सीर के ग्राम चिरैया के निवासी कमलेश कुमार पुत्र सियाराम के द्वारा ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यों का जांच करने के लिए शपथ पत्र जिलाधिकारी श्रावस्ती को दिया था जिस पर जिला अधिकारी के निर्देशानुसार कमेटी गठित की गई है और उसकी जांच कराई गई है जो इस बार अंतिम जांच होने वाली है तब तक एक बड़ा खुलासा सामने आया है। आर एस जेई राजीव कुमार ने स्वयं बताया कि जो गांव सभा में एम बी हुआ है वह मैंने नहीं किया है और मेरे फर्जी हस्ताक्षर करके एम बी को पास कर दिया गया है जिसकी लिखित शिकायत मैंने डी पी आर ओ श्रावस्ती को दे दिया है अगर इसी तरीके से भ्रष्टाचार होता रहा तो सरकारी धन का दुरुपयोग रोकने में कामयाबी नहीं मिल पाएगी जबकि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भ्रष्टाचार पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जा रहा है लेकिन कर्मचारी ही फर्जी हस्ताक्षर कर फर्जी एम बी बनाकर भुगतान कर रहे हैं ।

### चोरों के अफवाह से लोग भयभीत, रात भर जग कर कर रहे लोग घरों की रखवाली

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल/ श्रावस्ती चोरों के अफवाहों से लोग भयभीत, रात रात भर जग कर कर रहे है लोग अपने अपने घरों की रखवाली। भिनगा मुख्यालय ही नहीं बल्कि पूरे जनपद में इस समय लोग चोरों के अफवाहों से काफी मायूस देखे जा रहे है। हर रात एक दो मोहल्लों में चोरी की घटना का समाचार मिल ही जाता है। भले ही चोरी हो या न हो,। भले ही बाहरी चोरों के नाम पर खुद चोरिया कर रहे हो। बीती रात, मोहल्ला आजाद नगर में चोर चोर की आवाज से पूरा मोहल्ला जाग कर भयभीत हो उतार, मोहल्ले के तमाम लोग एकत्र हो कर चोर आया चोर आया की चर्चाएं करने लगे। इसी दौरान चोर की तलाश करने में आश पास लगी झाड़ियां को लोगों ने खंगाल डाला लेकिन चोरों का पता नहीं चला। देर रात तीन बजे तक चोरों पर चर्चाएं होती है। लोगों का कहना है, दिन में चोर रूप छिपा कर वेशभूषा चेंज कर के दर्जनों चोर मोहल्ले में आकर घरों में धावा बोलते है। जिससे लोग काफी भयभीत है। यहां तक अफवाहें चल रही है कि चोरों के हाथों में धार डार हथियार भी मौजूद है। इस प्रकरण को अपर पुलिस अधीक्षक ने गंभीरता से लेते हुए बताया है कि पलिस द्वारा सभी थानों कोतवाली पलिस चौकी में संबंधितपलिस अधिकारियों को सूचना दे दी गई है। सभी के द्वारा अपने अपने क्षेत्रों में रात्रि गस्त लगाने का निर्देश जारी किया गया है। साथ ही गशत बढ़ा दिया गया है। एएसपी ने बताया अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देता है तो उसे पकड़ कर पुलिस को सौप दें, कानून अपने हाथों न ले।

### रेजा विला प्रताप नगर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवक सम्मानित

क्यूँ न लिखूँ सच /पवन कुमार / स्व राम प्यारी देवी रेजा एजुकेशनल ट्रस्ट के डायरेक्टर ई राजीव रेजा ने सम्मान किया कोंच(जालौन) आज रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर प्रचारक शिवम जी का रेजा विला में आगमन हुआ उनके साथ कुंवर नरसिहं गहरवार एडवोकेट बौद्धिक प्रमुख मयंक मोहन गुप्ता ठेकेदार संतोष तिवारी ओपी अग्रवाल विजय गुप्ता बस्ती प्रमुख सचिन सोनी कृष्ण सुंदर याज्ञिक एवं अन्नू गहलोत भी मौजूद रहे सभी स्वयं सेवकों का बस्ती प्रमुख विजय गुप्ता करई वालों ने पट्टिका उड़कर स्वागत सम्मान किया तदुपरांत बौद्धिक प्रमुख कुंवर नरसिंह गहरवार एडवोकेट ने गीत सुनाया तथा आए हुए सभी स्वयं सेवकों का पूर्व बस्ती प्रमुख स्वर्गीय रामप्यारी देवी रेजा एजुकेशनल ट्रस्ट के डायरेक्टर इंजीनियर राजीव कुमार रेजा ने हृदय से आभार व्यक्त किया



KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला व्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता मे पीस कमेटी की मीटिंग

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल/ श्रवस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम ने थाना को0 भिनगा पर आगामी त्योहारों विश्वकर्मा पूजा, शारदीय नवरात्र, दुर्गा प्रतिमा विसर्जन दशहरा के दृष्टिगत अंतर सामुदायिक स?द्भाव को मजबूत करने व शांति पूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न कराने हेतु क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों, धर्मगुरुओं, जुलूस आयोजकों व क्न संचालकों के साथ मीटिंग की। बैठक में सभी गणमान्य से वार्तालाप कर क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा प्रतिमा विसर्जन के जूलूस के रास्तों के बारे में जानकारी ली। शासन द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों के बारे में जानकारी दी तथा कोई नई परम्परा न चलायी जाये इसके बारे में भी अवगत कराया गया। सभी से शांति कानून व्यवस्था को अक्षुण्ण बनायें रखने, आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में आगामी त्योहार मनाने की अपील की। इस दौरान उप जिलाधिकारी भिनगा, क्षेत्राधिकारी भिनगा सतीश कुमार शर्मा, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भिनगा व उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दीना नाथ गुप्ता, नगर अध्यक्ष प्रमोद कुमार गुप्ता, नगर व्यापारी सूफी सगीर अहमद सहित करबा के तमाम संभ्रांति लोग व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



# जितिया पर्व की धूम – चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत, मंदिरों में गूंजे भजन-कीर्तन

## महुली शिव मंदिर, अन्तिकापुर व बिहरपुर क्षेत्र में देर रात तक चला पूजन-अर्चन, पुत्रों की दीर्घायु के लिए माताओं ने किया संकल्प

क्यूँ न लिखूँ सच / चांदनी बिहारपुर सूरजपुर। सूरजपुर जिले के चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में इन दिनों आस्था का बड़ा पर्व जितिया (जीवित्पुत्रिका व्रत) उल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। रविवार को क्षेत्र के महुली शिव मंदिर समेत अन्तिकापुर, बिहारपुर और आसपास के गांवों में महिलाओं ने निर्जला उपवास रखते हुए परंपरागत रीति-रिवाजों से पूजा-पाठ कर अपने पुत्रों की लंबी उम्र और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पारंपरिक परिधान और पूजा सामग्री से सजा वातावरण शाम ढलते ही महिलाएँ पारंपरिक वेशभूषा में समूह बनाकर मंदिरों में पहुँचीं। पूजा स्थल पर दीपक, फूल-माला, फल, पत्तियाँ और मिट्टी के पात्रों से सजे पूजा थाल आकर्षण का केंद्र बने रहे। पूजा-अर्चना के दौरान महिलाएँ लोकगीत गाते हुए धर्म और संस्कृति में डूबी रहीं। भजन-कीर्तन और लोकगीतों की गूंज पूरे इलाके में धार्मिक माहौल छा गया। जगह-जगह महिलाओं ने सामूहिक रूप से भजन-कीर्तन किया। आधी रात तक मंदिरों में मंत्रोच्चारण और गीतों की गूंज सुनाई देती रही। ग्रामीणों ने बताया कि यह पर्व परिवार में सुख-शांति और संतान की दीर्घायु के लिए विशेष रूप से किया जाता है। महिलाओं ने बताया – संतान के लिए सबसे महत्वपूर्ण पर्व व्रत रखने आई महिलाओं ने कहा कि 卐जितिया पर्व हमारे लिए केवल धार्मिक आस्था ही नहीं बल्कि मातृत्व का प्रतीक है। हम यह व्रत अपने पुत्रों की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए करती हैं। यह सदियों से चली आ रही परंपरा है, जिसे हम गर्व के साथ निभाते हैं। समाज में आपसी एकजुटता का संदेश ग्रामीण इलाकों में यह पर्व केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज में आपसी एकजुटता और भाईचारे का प्रतीक भी बन गया। महिलाएँ सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना करती हैं और इससे सामाजिक एकता भी मजबूत होती है।



# बीच सड़क पर स्कूटी खड़ी कर किराना दुकान के सामने नशे में धुत पुलिसकर्मी, सोशल मीडिया में तस्वीरें-वीडियो वायरल

## मोहरसोप पुलिस चौकी के आरक्षक हृदय लाल पाटले की हरकत से विभाग की छवि धूमिल, कड़ी कार्रवाई की उठी मांग

क्यूँ न लिखूँ सच / सूरजपुर। जिले के चांदनी बिहारपुर थाना अंतर्गत मोहरसोप चौकी में पदस्थ आरक्षक हृदय लाल पाटले की शर्मनाक हरकत ने एक बार फिर पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। रविवार सुबह नशे में धुत आरक्षक की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रविवार सुबह करीब 10 बजे आरक्षक हृदय लाल पाटले ने अपनी स्कूटी क्रमांक छ्त्र 15 ष्ठङ्ग0203 को यादव किराना कपड़ा दुकान के सामने बीच सड़क पर खड़ा कर दिया और खुद नशे की हालत में पास ही रखी कुर्सी पर जाकर सो गया। यह पूरा घटनाक्रम ग्रामीणों ने मोबाइल कैमरे में कैद कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद क्षेत्र में पुलिस विभाग की किरकिरी शुरू हो गई। ग्रामीणों में गुस्सा – चौकी स्टाफ पर गंभीर आरोप ग्रामीणों का आरोप है कि मोहरसोप चौकी में पदस्थ कुछ पुलिसकर्मी अकसर शराब के नशे में ड्यूटी करते हैं। शिकायतों पर ध्यान न देना और लापरवाही बरतना उनकी आदत बन गई है। लोगों का कहना है कि बार-बार इस तरह की घटनाएँ सामने आने से विभाग की छवि धूमिल हो रही है और जनता का भरोसा टूट रहा है। जनता की सुरक्षा पर गंभीर सवाल- बीच सड़क पर स्कूटी खड़ी करने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर आम जनता से अनुशासन और कानून पालन की उम्मीद की जाती है, तो पुलिसकर्मी खुद कैसे नशे में धुत होकर ड्यूटी पर गैर-जिम्मेदाराना रवैया अपना सकते हैं। विभागीय कार्रवाई की मांग तेज- तस्वीरें और वीडियो वायरल होने के बाद अब क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। लोग मांग कर रहे हैं कि संबंधित पुलिसकर्मी पर तत्काल कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएँ दोहराई न जा सकें। अब देखना यह होगा कि जिले के वरिष्ठ अधिकारी इस पूरे मामले पर क्या कदम उठाते हैं और नशे में धुत पाए गए आरक्षक पर कैसी कार्रवाई होती है।डीआईजी व एसपी प्रशांत कुमार ठाकुर से बात किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि मुझे जानकारी मिली है मुलाइज करवा कर उसे पर कार्यवाही की जाएगी



# Noni saag is eaten on Nahai Khay of Jitiya Vrat, note its easy recipe from here

Jitiya Vrat (Jitiya Vrat 2025) is a festival celebrated in some areas of Bihar, Jharkhand and Uttar Pradesh in which women keep fast for their children. On this day women keep Nirjala fast and wish for the good health of children. A day before this, Noni saag is eaten on Nahai-Khai. Let's know its recipe. Jitiya Vrat will be celebrated on 14th September. On this day mothers pray for the long life of children. Before this fast, Noni saag is eaten on the day of Nahai-Khai. Jitiya Vrat will be done on 14th September this year. It is mainly celebrated in some areas of Bihar, Jharkhand and Uttar Pradesh. Mothers keep this fast for the long life of their children. On this day mothers keep Nirjala fast throughout the day and Lord Jimutvahan is worshiped. Nahai-Khai is held a day before this fast, on which day women eat noni saag (Jitiya Vrat Food Recipe). Actually, noni saag and madua roti have a lot of importance in this fast. Noni saag has religious importance. Also, it is very beneficial for health. If you are also keeping Jitiya fast and have to make noni saag for it, then we are going to tell its very easy recipe (Noni Saag Recipe) here. Let's know how noni saag is made. How to make noni saag? Ingredients- 1 bunch noni saag 2-3 green chillies Cumin and fenugreek seeds Turmeric powder Salt to taste Mustard oil 2 dried red chillies Method of preparation- First of all, clean and wash noni saag thoroughly. Break its leaves and separate them and finely chop the green chillies. Now finely chop noni saag. After this heat some mustard oil in a pan. When the oil is hot, add cumin seeds and fenugreek seeds to it. When both of them are roasted, add chopped green chilies to it. If you want, you can also add dried red chilies to it. After this, add chopped noni saag and salt and turmeric to the pan as per taste. Mix the saag well so that the salt and spices mix in it. Cover the pan and cook the saag on low flame till it becomes soft and its water dries up. It will take about 5-10 minutes. Keep stirring the saag in between so that it does not burn. When the saag is cooked well and the water dries up, turn off the gas. Noni saag is ready. Eat it with Madua roti.




# Mental health problems are often similar in husband and wife, new study reveals the secret

Today many people have started talking openly about mental health. Meanwhile, a recent international study has revealed surprising results. This research published in the journal Nature Human Behavior revealed that if one partner has a mental problem, then the other also has an increased risk of having the same or similar disorder. This study was done in countries like Denmark, Sweden and Taiwan. More than 50 lakh married couples were researched in these countries. In arranged marriages, partners get to know each other a little less. Do you know that the mental health of you and your partner can be very connected to each other? Something similar has come to light in a large international study. The research published in the journal Nature Human Behavior included data of about 50 lakh married couples from Taiwan, Denmark and Sweden. It was found that problems like depression, anxiety, schizophrenia, ADHD, drug addiction and bipolar disorder are often found in couples. Why does this happen? In the study, experts have given many reasons behind this. Let's find out. Choosing a partner with similar thinking Often people choose partners whose nature, habits and sometimes even mental tendencies are similar. Similar environment Married couples face everyday responsibilities, financial pressure and family problems together. This shared stress affects mental health. Social beliefs and limited options For people suffering from mental illness, the options for marriage often become limited. In such a situation, they marry only those who are going through similar circumstances to some extent. Why is this result important in the Indian context? In a country like India, where marriage is considered a bond not only between two people but also between the entire family, this conclusion holds even more importance. Awareness and timely identification If one partner is struggling with a problem like depression, anxiety or drug addiction, then the other partner should also be careful and pay attention to the early symptoms. It is important to reduce stigma. There is still shame and hesitation about mental illnesses in India. If couples take it seriously and seek help, the problem can be controlled quickly. Marriage and counseling In the tradition of arranged marriages, partners often do not know each other deeply. In such a situation, pre-marital counseling or open discussion on mental health before marriage can be helpful. Effect on children If both parents suffer from mental illness, the risk on children increases even more. Therefore, early treatment and proper care can reduce the burden on the next generation. Indian research also gives evidence. Small-scale research done in India also shows that mental illnesses deeply affect married life. A study found that 65% of the wives of men struggling with alcohol addiction had mental problems, especially anxiety and depression. Another research revealed that the level of satisfaction in married life of patients suffering from schizophrenia was much less than that of patients with bipolar disorder. This study warns us as well as raises hope. Warning because mental illnesses are not limited to one person only, but can also spread to partner and family.



# If you take a puff of cigarette as soon as you wake up in the morning, then know here how you are putting your life in danger

Smoking is harmful to health, especially smoking cigarettes as soon as you wake up in the morning is dangerous. In the morning the body is in reset mode and the lungs are more sensitive. In such a situation, smoking cigarettes early in the morning can harm health in many ways. Let's know about it in detail. Smoking is very harmful for our health. Especially drinking it as soon as you wake up in the morning can be dangerous. It causes more damage to the heart and lungs. Almost everyone knows how harmful smoking is for our health. Despite this, people who are addicted to it never refuse to smoke it without looking at the time. Smokers light a cigarette as soon as they wake up in the morning, but do you know how dangerous this habit of yours is for you? If you are also one of those people who smoke cigarettes as soon as they wake up in the morning, then this article is for you too. Today in this article we will tell you how smoking after waking up affects the body. Let's know the effect of smoking a cigarette as soon as you wake up in the morning on the body - Smoking a cigarette in the morning is dangerous We all know that smoking is harmful, but if you smoke it early in the morning, then its risk increases manifold. The cigarette you light immediately after waking up in the morning can be the most dangerous cigarette of your day. It does not matter how much you smoke. If you are smoking first thing in the morning, then this first puff of the day can put your lungs and heart at a great risk. Why is smoking harmful in the morning? Our body wakes up in a reset mode in the morning. During this time the lungs are more sensitive, hormone levels are high and your systems are weak in the morning. This is the reason why smoking in the morning can be dangerous for you, even if you smoke very little throughout the day. On the other hand, people who smoke a cigarette within 30 minutes of waking up, breathe more deeply, which increases the risk further. The sooner you smoke a cigarette after waking up, the greater is the absorption of nicotine and toxins. This increases exposure to carcinogens and damages blood vessels rapidly, increasing the risk of heart disease. Not only this, smoking within 30 minutes of waking up is one of the major causes of lung cancer. This small habit indicates your greater dependence on nicotine and absorption of more toxins, which greatly increases the chronic health risk compared to long-term smokers. How does a morning cigarette harm the lungs? After sleep, the lungs are reset in a way, so they become more sensitive to everything. In fact, after resting overnight, the layer of mucus and protective secretion on our airways is reduced, which usually protects them from damage. In such a situation, due to the absence of this layer, the toxins released from cigarette smoke directly damage the lining of the lungs, causing inflammation and damage. Not only this, by smoking a cigarette as soon as you wake up in the morning, nicotine and toxins enter the blood steam with breathing, due to which heart beat, blood pressure and stress hormones increase immediately. Also, your body remains unbalanced throughout the day, blood vessels shrink and oxygen supply is also not done properly.



